Email Id-
cdr_balrampur@yahoo.com

Mobile. No.
9473942764

# उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
## खण्ड कार्यालय, बलरामपुर

झारखण्डी रेलवे स्टेशन रोड, निकट निदान अस्पताल, मोतीसागर (तुलसीपार्क), बलरामपुर

पत्रांकः 1564/एम-16/29

दिनांक:31/08/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः दैनिक भास्कर न्यूज पोर्टल पर दिनांकः 14.08.2026 को प्रकाशित समाचार " जलजीवन मिशन के गड्ढे नहीं भरे गएः बलरामपुर के सोनार गांव में ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कत" शीर्षक के सम्बन्ध में आख्या प्रेषण।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर न्यूज पोर्टल पर दिनांकः 14.08.2026 को प्रकाशित समाचार " जलजीवन मिशन के गड्ढे नहीं भरे गएः बलरामपुर के सोनार गांव में ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कत" शीर्षक के सम्बन्ध में आप द्वारा दिए गए निर्देश के कम में जांच आख्या निम्नवत् है–

| क0 सं0 | बिन्दु | आख्या |
|---|---|---|
| 01 | बलरामपुर जिले के सदर विकास खंड क्षेत्र के ग्राम सोनार में जलजीवन मिशन के तहत खोदे गए गड्ढों को न भरने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह लापरवाही पूरे गांव के लोगों के लिए समस्या बन गई है।<br>ग्रामीण राजेश यादव ने बताया कि पाइपलाइन बिछाने के लिए जगह–जगह खोदे गए गड्ढों को ठीक से नहीं भरा गया है, जिससे लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है। एक अन्य ग्रामीण शैलेंद्र तिवारी के अनुसार, यह गांव का मुख्य रास्ता है, जिसका उपयोग स्कूली बच्चे भी करते हैं। रास्ते में कीचड़ होने के कारण लोगों का गिरना आम बात हो गई है।<br>ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाह ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई न होने पर सवाल उठाए हैं। इस दौरान अर्जुन मिश्रा, हनुमान यादव, कन्हैया लाल, सज्जन, अनुपम, भवानीदीन और रामानुज सहित कई अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। | प्रकाशित समाचार जनपद–बलरामपुर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड सदर बलरामपुर के ग्राम पंचायत सोनार स्थित सोनार–भीखमपुर संयुक्त पेयजल योजना से सम्बन्धित है।<br>सम्बन्धित फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो द्वारा पाइप लाइन बिछाने के उपरान्त खोदे गये गड्ढों को भरकर मार्ग को आवागमन हेतु सही करा दिया गया है। वर्षा ऋतु के दौरान मार्ग का सेटेलमेन्ट होने पर सम्बन्धित फर्म द्वारा तत्काल समस्या का निराकरण करा दिया जाता है।<br>फोटोग्राफ– **संलग्नक 1** |

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 / / दिनांक / /2026

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(गो0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोण्डा।
4. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जू0इं0, खण्ड कार्यालय, बलरामपुर।

अधिशासी अभियन्ता




फोटोग्राफ्स–संलग्नक 01(ग्राम पंचायत सोनार, वि0ख0 बलरामपुर, जनपद–बलरामपुर)